INTERNATIONAL AIRPORT IN THE CITY OF TAJ AGRA

मैंने नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार को 18 मार्च 2020 को एक पत्र लिखा जिसमें उनसे पूछा कि वह क्या कारण हैं जिसके चलते ताज महल के शहर को एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा मुक़र्रर नहीं किया जा रहा है। 30-40 वर्ष लगभग से की जा रही मांग नाजायज़ तो होगी नहीं? यदि भारत सरकार को ऐसा लगता है कि आगरा को एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा दे देने से दिल्ली या किसी अन्य राज्य के पर्यटन प्रभावित होंगे और अगर यही कारण है ताजमहल के शहर को हवाई अड्डा न देने का तो स्पष्ट करें।

मेरे उस पत्र में ये भी हवाला था कि सोलहवीं लोकसभा (2014-2019) के लिए चुनाव के वक़्त अर्थात 2014 के चुनाव प्रचार हेतु जब (13 नवंबर 2013 को) वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी आगरा आये थे तब उन्होंने आगरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के मुद्दे पर तत्कालीन राज्य और केंद्र सरकार की भर्त्सना की थी कि ताज महल जैसे अजूबे वाले देश में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा नहीं है यह बहुत शर्म की बात है। श्री मोदीजी ने यह भी कहा था कि निहित स्वार्थ के चलते कांग्रेस (तत्कालीन केंद्र सरकार) और समाजवादी पार्टी (तत्कालीन राज्य सरकार) ने आगरा को air connectivity से वंचित रखा है।

Reference: https://www.indiatoday.in/india/story/udaan-scheme-agra-international-airport-pm-modi-1027893-2017-08-03

Reference: https://www.patrika.com/agra-news/narendra-modi-speech-in-agra-rally-before-loksabha-election-2014-1445065/

मेरे पत्र में यह हवाला भी था कि 05 जुलाई 2017 को केंद्रीय मंत्री श्री जयंत सिन्हा जी ने कहा था: "An international airport will be developed in Agra in due course of time once land is available for it, Union Minister of State Jayant Sinha has assured the locals."

Reference: https://www.indiatoday.in/india/story/agra-international-airport-jayant-sinha-jewar-agra-tourism-flights-union-mos-for-civil-aviation-1022633-2017-07-05

फिर क्या कारण हैं कि आगरा का अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा कभी सैफई खिसक जाता है तो कभी जेवर। क्यों हर बार आगरा राजनीति का शिकार हो जाता है?

इसके प्रत्युत्तर में दिनांक 30/अप्रैल/2020 को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के महाप्रबंधक (वास्तु) श्री विनोद कुमार पुनयाल जी द्वारा मुझे एक पत्र उत्तर के तौर पर जारी किया गया **(Attached Below)** जो lockdown के चलते मुझे प्राप्त नहीं हुआ अतः मांगे जाने पर श्री एच. एस. बल्हारा जी, कार्यकारी निदेशक (नियोजन) द्वारा मुझे वह पत्र मेल पर संलग्न करके भेजा गया जो मुझे आज ही उपलब्ध हुआ।

यह पत्र एक साधारण से कागज़ पर था न कि प्राधिकरण के आधिकारिक किसी letter head पर। इतना ही नहीं पूरे पत्र पर कहीं प्राधिकरण का नाम तक नहीं लिखा गया था। बस अधिकारी का नाम, पद और उनके हस्ताक्षर मात्र थे उस पर, अतः श्री एच. एस. बल्हारा जी, कार्यकारी निदेशक (नियोजन) से मैंने इसकी प्रमाणिकता पूछी जिसका उत्तर अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है।

अगर आप प्राधिकरण का वह पत्र पढ़ेंगे तो इसमें बड़ी ही चतुराई से मामले को International Airport से Civil Enclave की तरफ घुमा दिया गया है। इसमें अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा दिए या न दिए जाने की कोई भी कैसी भी विवेचना नहीं की गई है। बड़ी ही कुशलता के साथ पूरा मामला Civil Enclave के चारों और घुमा दिया गया है और आगरावासियों को पुनः राजनीति के चलते निराश होना पड़ा है कि आगरा को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नहीं मिलने वाला। और कमाल की बात तो अंतिम वाक्य में है कि International Airport से जिस Civil Enclave की तरफ मामला घुमा दिया गया है उस पर भी environment clearance का ग्रहण लग गया है।

आप खुद से विश्लेषण करिये और आप समझ पाएंगे आगरा किस क़दर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर राजनीति का शिकार हो चुका है।

(दिनांक 13/मई/2020 को https://authormayanksaxena.blogspot.com/ ब्लॉग पर सम्पादित। इस प्रकरण में घटित प्रत्येक घटना के सापेक्ष साक्ष्य उपलब्ध हैं।)

लेखक

मयंक सक्सैना 'हनी'

पुरानी विजय नगर कॉलोनी,

आगरा, उत्तर प्रदेश

ATTACHMENT:

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के महाप्रबंधक (वास्तु) श्री विनोद कुमार पुनयाल जी द्वारा दिया गया उत्तर

Registration Number MOCAV/E/2020/00653

Sub.: Matter related to the International Airport in the City of Taj.

आगरा मे राज्य सरकार द्वारा 55.29 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है, जिस पर नए सिविल एंक्लेव का विकास किया जाना है। नए सिविल एंक्लेव में अंतर्राष्ट्रीय उड्डनों के संचालन का प्रावधान किया गया है। अंतराष्ट्रीय उड़ानों का प्रचालन आवश्यकता के आधार पर संबन्धित एयरलाइन ऑपरेटर से अनुरोध प्राप्त होने पर विचार किया जाता है।

उपरोक्त कार्य Environment Clearance नहीं मिलने के कारण बाधित है।

30.04.2020

(विनोद कुमार पुनयाल)
महाप्रबंधक (वास्तु)